एस0के0 शुक्ल
कुलपति
S.K.Shukla
Vice-Chancellor

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ–226 007 (उ0प्र0) भारत
**University of Lucknow**
**LUCKNOW – 226 007 (U.P.) INDIA**
No.VC/..724/2019

लखनऊ विश्वविद्यालय से
सहयुक्त समस्त महाविद्यालयों
के प्राचार्य / प्राचार्या

No. VC/724/019
दिनांकः 20.11.2019

**विषयः स्वयंम (SWAYAM)यू0जी0सी0 लोकल चेप्टर सृजित करने के संबंध में।**

महोदय,

आपको सूचित करना है कि भारत सरकार ने स्वयंम पोर्टल (www.swayam.gov.in) शुरू किया है। स्वयंम एक ऑनलाइन स्वदेशी प्लेटफार्म है जिसपर मूक्ष कोर्सेस यू0जी0सी0 के द्वारा अपलोड किये जाते हैं। यू0जी0सी0 अधिनियम 2016 के तहत स्वयंम का उद्देश्य छात्र–छात्राओं को मुफ्त ऑनलाइन गुणवत्तापूर्वक शिक्षा प्रदान करना है, जिसमें शिक्षा पाने वाले व्यक्ति के समय व स्थान की कोई बाध्यता नहीं है। स्वयंम के बारे में पूर्ण जानकारी स्वयंम के वेवसाइट से प्राप्त की जा सकती है। स्वयंम पोर्टल के भलीभांति प्रचार व प्रसार के लिए यू0जी0सी0 द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय को उनसे जुड़े महाविद्यालयों में स्वयंम यू0जी0सी0 लोकल चेप्टर सृजित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय में स्वयंम पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों के प्रचार व प्रसार के लिए स्वयंम यू0जी0सी0 लोकल चेप्टर (स्थानीय अध्याय) स्थापित करने का कष्ट करें तथा उसका समन्वयक नामित कर 07 कार्य दिवसों में ई मेंल– **jyotimisra@yahoo.com** पर सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, और नामित व्यक्ति का ई–मेल और मोबाइल नं0 यूनिवर्सिटी कोआर्डिनेटर को भेजने का कष्ट करें।

प्रकरण शासन स्तरीय प्राथमिकता है।

(डा0ज्योति मिश्रा)
उप–पुस्तकालयाध्यक्ष एवं
यूनिवर्सिटी कोआर्डिनेटर
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
Mob- 9415088973

(एस0के0 शुक्ल)
कुलपति
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ।
3. समस्त प्रबन्धक, सम्बद्ध महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. उपकुलसचिव, सम्बद्धता, लखनऊ विश्वविद्यालय।
5. इंचार्ज, वेबसाइट को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त महाविद्यालयों को ई-मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।

REGISTRAR
Lucknow University
LUCKNOW